लिये के स्थान पर देश के अन्दर ही बचत को प्रोत्साहन देकर संसाधन जुटाने के लिये कोई कदम उठाये हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा तैयार की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. वी. चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) और (ख) बजट अभिवृद्धि के लिए इस के उन मानदण्डों में सुधार किया जाना आवश्यक है जो बजट व्यवहार के मूल तत्व हैं। इन में अर्थ-व्यवस्था की दर में वृद्धि, राजकोषीय घाटे का स्तर कर नीतियां, मुद्रास्फीती, बैंकिंग प्रणाली व पूंजीगत बाजारों में दक्षता और अर्थ व्यवस्था में विश्वास शामिल है । अब तक किए गए विभिन्न आर्थिक सुधार उपायों का समग्र बचतों पर अनुकूल प्रभाव पड़ने की आशा है।

कहलगांव ताप विद्युत परियोजना

*131. श्री जनार्दन यादव : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भागलपुर स्थित कहलगांव ताप विद्युत परियोजना का निर्माण-कार्य कब तक पूर्ण होना है और अब तक कितनी इकाइयों का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है;

(ख) शेष इकाइयों के कब तक पूर्ण हो जाने की सम्भावना है, और

(ग) क्या यह सच है कि कहलगांव ताप विद्युत परियोजना का निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है जिसके परिणामस्वरूप निर्माण कार्य पूर्ण होने में विलम्ब हो रहा है तथा ऐसे विलम्ब के लिए कौन-कौन व्यक्ति जिम्मेदार हैं ?

विद्युत मंत्री (श्री एन. के. पी. साल्वे) : (क) और (ख) बिहार के भागलपुर जिले में राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एन० टी० पी. सी.) की कहलगांव ताप विद्युत परियोजना (चरण-1) में प्रत्येक 210 मे. वा. की 4 यूनिटें शामिल हैं । पहली इकाई मार्च, 1992 में चालू हो गई थी और दूसरी इकाई मार्च, 1994 में । यूनिट 3 और 4 को 1995-96 में समकालित किए जाने की सम्भावना है।

(ग) तत्कालीन यू. एस. एस. आर. की तकनीकी और वित्तीय सहायता से इस परियोजना का निर्माण किया जा रहा था । तत्कालीन यू. एस.एस. आर के विघटन के पश्चात्, वास्तविक रूप से परिकल्पित व्यवस्थाओं के अन्तर्गत उपस्कर तथा सामग्री की आपूर्ति में विलम्ब और बाधा, कहलगांव ताप विद्युत परियोजना की तीसरी और चौथी इकाइयों के पूरी होने में विलम्ब का मुख्य कारण रहे हैं और इस प्रकार ये विलम्ब के कारण एन टी पी सी के नियंत्रण से बाहर थे।

Dollars Purchased by Government

*132. SHRI K. R. MALKANI;
PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA:

Will the Minister of FINANCE be pleased to State;

(a) whether it is a fact that when the rupee value was rising vis-a-vis thd dollar, Government kept on buying dollars and kept the rupee depressed;

(b) if so. what are the reasons there-. for when a strong rupee means a strong India;

(c) how many crores of rupees have been spent to buy dollars in this process}
and

(d) whether Government would re-consider its policy and allow the value of the rupee to appreciate in the normal course?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (.SHRI M. V. CHANDRASHEKHAR MURTHY): (a) and (b) Under the unified exchange rate system introduced *is* March 1993 the exchange rate of the Rupee is determined b? the demand for and supply of foreign exchange in tHe